स्वच्छता की ओर गांव भैंसरावली

गांव में डोर-टु-डोर गारवेज कलेक्शन योजना का हुआ शुभारंभ

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

रविवार को गांव भैंसरावली में डोर-टु-डोर गारवेज कलेक्शन सेवा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सेवा के सुचारु रुप से चलाने के लिए बनाए गए गारवेज कलेक्शन पॉइंट का गांव की एक महिला ने रिबन काट कर शुभारंभ किया। गांव में सोमवार से घर घर से कूड़ा उठाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इससे पहले भी स्वच्छता के मामले में गांव भैंसरावली साल 2009 में राष्ट्रपति से निर्मल ग्राम पुरस्कार प्राप्त कर चुका है।

निर्मल भारत अभियान के तहत जिले के गांवों में डोर-टु-डोर गारवेज कलेक्शन की योजना शुरू का जा रही है। इस सेवा को शुरू करने वाला यह फरीदाबाद का दूसरा गांव है। इससे पहले गांव सुनपेड़ में इस सेवा को शुरू किया जा चुका है। रविवार को निर्मल भारत अभियान के जिला सलाहकार उपेंद्र सिंह और गांव के सरपंच कृष्ण कुमार द्वारा पहले गांव के लोगों की मीटिंग ली गई और उन्हें इस योजना के बारे में विस्तार से बताया गया।

NBT

घर घर से कूड़ा उठाने के लिए दो सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, इन दोनों कर्मचारियों को दो रिक्शा दी गई हैं

गांव में सोमवार से घर-घर से कूड़ा उठाने का काम शुरू कर दिया जाएगा

उसके बाद गांव की एक महिला मलेश्री द्वारा योजना के लिए बनाए गए गारवेज कलेक्शन पॉइंट का उद्घाटन कराया गया। उपेंद्र सिंह ने बताया कि एक महीने तक यह सेवा मुफ्त चलाई जाएगी। उसके बाद प्रत्येक घर से एक दिन का एक रुपये के हिसाब से चार्ज किया जाएगा। घर घर से कूड़ा उठाने के लिए दो सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। इन दोनों कर्मचारियों को दो रिक्शा दी गई हैं। इस दौरान श्यामवीर, रामकिशन, नत्थी सिंह, हरिचंद, राजू, खेमचंद, रामविलास, श्रमण लाल, रतिराम, राजपाल, प्रकाश चंद और राजेंद्र आदि लोग उपस्थित थे।